प्रेस-नोट
थाना सीपरी बाजार

दिनाँक- 04.09.2024

झपटमारी व छिनैती का अपराध कारित करने वाले शातिर अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार
थाना सीपरी बाजार एवं स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही
गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से झपटमारी व छिनैती किया हुआ सामान, अवैध असलहा-कारतूस, खोखा कारतूस, बाइक आदि बरामद

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना सीपरी बाजार पुलिस एवं स्वाट टीम तथा बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर मय एक अदद वाहन मोटर साइकिल एच एफ डीलक्स बिना नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 286/2024 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनाँक 04.09.2024 को थाना सीपरी बाजार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि झाँसी शहर में महिलाओं के साथ लूटपाट करने वाले दोनों अपराधी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे मैदान मे बैठकर उनके द्वारा की गयी लूटपाट का बँटवारा कर रहे हैं एवं फिर कोई घटना करने की योजना बना रहे हैं।

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सीपरी बाजार एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये गये स्थान पर छिपते-छिपाते पहुँचे जहाँ दो व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस द्वारा संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिये कहा गया, तो वे पुलिस को जान से मारने की धमकी देते हुए भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करके बदमाशों के घेर लिया गया। खुद को घिरा पाकर बदमाशों ने जान से मारने की नियत से पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक शातिर बदमाश प्रदुम अहिरवार पुत्र राजाराम अहिरवार नि0 सेवई थाना धीरपुरा जनपद दतिया म0प्र0 उम्र करीब 27 वर्ष हाल निवासी दीपक पुत्र जानकी के मकान मे किराये पर ग्राम सारमऊ थाना रक्सा जनपद झांसी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अपने साथी

को घायल देखकर दूसरे अभियुक्त दीपेश पुत्र राकेश अहिरवार नि0 सारमऊ थाना रक्सा जनपद झांसी उम्र करीब 24 वर्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

दोनों गिरफ्तार अभियुक्त शातिर बदमाश है, जिनके द्वारा झांसी शहर के भिन्न भिन्न स्थानों पर छिनैती व लूटपाट की घटना कारित की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना सीपरी बाजार पर मु0अ0सं0 282/2024 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस एवं थाना नवाबाद में मुअ0सं0 427/2024 धारा 304/317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्तगण के विरूद्ध मु0अ0स0 286/2024 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 मे अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>

1. प्रदुम अहिरवार पुत्र राजाराम अहिरवार नि0 सेवई थाना धीरपुरा जनपद दतिया म0प्र0 उम्र करीब 27 वर्ष हाल निवासी दीपक पुत्र जानकी के मकान मे किराये पर ग्राम सारमऊ थाना रक्सा जनपद झांसी
2. दीपेश पुत्र राकेश अहिरवार नि0 सारमऊ थाना रक्सा जनपद झांसी उम्र करीब 24 वर्ष

<u>बरामदगी माल अभियुक्तगणः-</u>

1. 02 अदद लेडीज बैग,
2. 02 अदद आधार कार्ड,
3. 01 अदद एटीएम कार्ड,
4. 01 अदद पैन काड़,
5. 01 अदद मोबइल फोन,
6. 07 अदद मुहरे,
7. 01 अदद इंक पैड,
8. 01 अदद रजिस्ट्र्र,
9. 05 अदद फार्म,
10. 01 अदद मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स बिना नम्बर,
11. 01 अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर,
12. 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस

<u>अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनाँक-</u> पॉलिटेक्निक कालेज के पीछे मैदान थाना क्षेत्र सीपरीबाजार झांसी से, दिनाँक 04.09.2024 समय 01.05 बजे रात्रि

गिरफ्तार / सहयोग करने वाली टीम थाना सीपरी बाजार –

1.प्र0नि0 श्री अखिलेश कुमार द्विवेदी थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री जितेन्द्रर सिंह तख्खर स्वाट टीम प्रभारी
3. उ0नि0 श्री प्रकाश सिंह थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी
4. उ0नि0 श्री अंकित पवार थाना सीपरी बाजार
5. उ0नि0 श्री अमित सिंह थाना सीपरी बाजार
6. हे0का0138 सतपाल सिहं
7. हे0का0 429 सदानन्द
8. का0 342 हर्षित चौहान
9. का0 222 रजत सिंह
10. का098 धारा सिंह
11. का0 734 कुलदीप पाल
12. का0 454 विपिन कुमार.
13. का0 1178 रामचरन
14. का0 पुष्पेन्द्र
15.का0 1306 मो0 अतीक